त्योहारों में दूध के उत्पादन से तीन गुना खपत, पूर्ति के लिए मिलावट

सामान्य दिनों में करीब सात लाख लीटर दूध की रोजाना आपूर्ति और इतनी ही खपत

मिलावट से जंग



शहर के एक होटल में कढ़ाई में पकाया जा रहा दूध।

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। सामान्य दिनों में शहर में रोजाना करीब सात लाख लीटर दूध की खपत (कॉमर्शियल और घरेलू) है और करीब इतनी ही आपूर्ति होती है। यह आपूर्ति दूध डेयरियों और दूधियों के माध्यम से होती है। हालांकि त्योहारी सीजन में यह मांग दो से तीन गुना अधिक हो जाती है, ऐसे में सवाल उठता है इतनी भारी मांग की पूर्ति कैसे होती है। कहीं मिलावटी दूध तैयार कर आपूर्ति तो नहीं की जाती है। कारोबारियों का दावा है कि ऐसे मौके पर वह लोग दूध को पाउडर के रूप में अच्छी तकनीक के साथ स्टोर कर लेते हैं। त्योहार नजदीक आने पर इसे दोबारा दूध के रूप में तैयार कर मिठाई आदि बनाते हैं।

ग्रे मार्केट के लोग कम दाम का झांसा देकर घुसते हैं बाजार में : कारोबारी बताते हैं कि त्योहार के समय खाद्य सामग्रियों की खपत सबसे अधिक होती है। इसमें मिठाइयां, बेकरी प्रोडक्ट्स, खोवा की मिठाई शामिल है। साथ ही रेस्टोरेंट वालों की भी कमाई बढ़ती है। होता यह है कि प्रतिष्ठित कारोबारियों के बीच में ही कुछ सी और डी ग्रेड खाद्य सामग्री वाले भी मौजूद रहते हैं। इनकी संख्या भी बहुत ज्यादा है और इनके पास पहुंचने वाले लोगों की संख्या बहुत होती है। ऐसे कारोबारियों को बाजार में बने रहने के लिए कम दाम का सहारा लेना पड़ता है। तभी उन्हें गुणवत्ता से समझौता करना पड़ता है। इसी समझौते का फायदा उठाकर ग्रे मार्केट (मिलावट का बाजार) के लोग इन्हें मिलावटी सामग्री बेचते हैं। मसलन अगर आप किसी अच्छी दुकान से पनीर लें तो वह लगभग 400 रुपये किलो तक मिलेगा। मगर बाजार में ऐसे लोग भी हैं जो 200-250 रुपये किलो में पनीर दे देंगे। यह वही ग्रे मार्केट है, जहां अशुद्ध और मिलावटी सामग्री तैयार की जाती है।

अच्छे कारोबारी एक माह पहले से स्टोर करते हैं माल : मिठाई और रेस्टोरेंट के कार्य से जुड़े एक कारोबारी ने बताया कि सामान्य दिनों में शहर में रोज जितनी खपत है, उसके अनुसार दूध, खोवा की सप्लाई होती है। बड़े कारोबारियों के पास संरक्षित करने की बहुत अच्छी तकनीक मौजूद है। वह रॉ मटीरियल को एक माह पहले से संरक्षित कर लेते हैं और त्योहार के समय जो अच्छा माल मिलता है, उसे खरीदने के साथ ही संरक्षित माल का उपयोग करते हैं। कारोबारी बताते हैं कि अपने यहां क्या पूरे उत्तर प्रदेश, पंजाब और हरियाणा में दूध की सप्लाई बहुत है।

गर्मी में ड्राईफ्रूट का करते स्टॉक

एक अन्य कारोबारी के मुताबिक सर्दियों में ड्राई फ्रूट्स (मेवा) बहुत महंगा हो जाता है और ज्यादातर त्योहार सर्दियों के आसपास या सर्दियों में ही होते हैं। कारोबारी गर्मियों में ड्राईफ्रूट्स स्टोर कर लेते हैं।

इस तरह से आता है शहर में दूध

- ग्रामीण इलाकों से आने वाला दूध : 10,000 लीटर प्रतिदिन
- डेयरी से मिलने वाला दूध : 6.90 लाख लीटर प्रति दिन
- खाद्य सामग्री में इस्तेमाल दूध : 5 लाख लीटर प्रति दिन
- घर में इस्तेमाल होने वाला दूध : दो लाख लीटर प्रतिदिन
- शहर में छोटी-बड़ी मिलाकर डेयरी की संख्या : 48

(नोट : आंकड़े होटल कारोबारियों के अनुसार)

सस्ता माल बेचने के लिए मिलावट

"शहर में न दूध की कमी है न ही कोई कारोबारी मिलावटी माल बनाकर बेचता है। कुछ लोग जरूर खराब हैं, जो ग्रे मार्केट का हिस्सा हैं। सस्ता माल बेचने के लिए वह मिलावटी और अशुद्ध माल की सप्लाई करते हैं।

-राजकुमार भगतानी, प्रवक्ता होटल स्वीट एंड रेस्टोरेंट एसोसिएशन

27 डार्क व ई-कॉमर्स स्टोर पर छापा, लाइसेंस निलंबित

हि असर

कानपुर, प्रमुख संवाददाता। शहर में लखनऊ की खाद्य सुरक्षा और औषधि प्रशासन की सक्रिय है। **आपके अपने अखबार 'हिन्दुस्तान'** की मुहिम मिलावट से जंग के बाद खाद्य विभाग की टीमें अलर्ट मोड पर आ गई हैं। लखनऊ टीम ने बीते 2 दिनों यानी 24 और 25 अक्तूबर को शहर के 27 डार्क और ई कॉमर्स स्टोर में छापेमारी की। टीम को जो अनियमितताएं मिली उसमें जेप्टो, रिलायंस रिटेल लिमिटेड और मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया लिमिटेड का लाइसेंस निलम्बित कर दिया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन विभाग के सहायक आयुक्त संजय प्रताप सिंह ने बताया कि टीमों ने 24 और 25 अक्तूबर को 27 प्रतिष्ठानों की जांच की। निरीक्षण के दौरान 19 प्रतिष्ठानों को सुधार नोटिस जारी किए गए। जिन प्रतिष्ठानों के लाइसेंस निलम्बित किए गए उसमें प्लाट 167 बर्रा 6 स्थित आरआर विजन वेंचर्स (जेप्टो), खसरा नम्बर 137ए और 138बी व 142 ग्राम सुजानपुर भीमसेन रोड स्थित रिलायंस रीटेल लिमिटेड और मेट्रो कैश एंड कैरी इंडिया लिमिटेड शामिल हैं। सहायक आयुक्त के मुताबिक जिनका लाइसेंस निलम्बित किया गया। उनके प्रतिष्ठान में गंदगी और धूल का गुबार था। कोल्ड रूम मौजूद नहीं था।

बेस्ट बिफोर के मानक

सहायक आयुक्त के मुताबिक जिन खाद्य पदार्थों में बेस्ट बिफोर और समय सीमा लिखी होती है। वो या तो 30 प्रतिशत भंडारण किए जा सकते हैं या समय सीमा 45 दिन से ज्यादा की हो। तो उसे मानकों को अनुरूप माना जाता है। वही, खाद्य विभाग ने सी ब्लॉक गोविंद नगर में संदीप गुप्ता के परिसर में गंदे कपड़ों में लपेटा 1.20 क्विंटल खोवा बरामद किया। इसकी कीमत 39 हजार बताई गई है। इसमें से कुछ हिस्सा नमूने के तौर पर संग्रहित किया गया। वहीं बाकी का खोवा नष्ट कराया गया।



खाद्य विभाग ने गंदे कपड़े में लिपटे मिले खोवा को नष्ट कराया।

शहर 30s



दीवाली ट्रेड एक्सपो का शुभारंभ

कानपुर। महापौर प्रमिला पांडेय ने दीवाली ट्रेड फेयर एक्सपो का शुभारंभ किया। इसमें कानपुरवासियों की खरीदारी के लिए होम डेकोर, ज्वेलरी, फर्नीचर, दरियां, चादरें, साड़ी-सूट, ईरानी कालीन, अफगानी ड्राईफ्रूट और चिकनकारी समेत विभिन्न राज्यों के उत्पादों के स्टॉल लगाए हैं। एक्सपो में व्यापारियों ने अपने उत्पादों की विशेषताएं प्रदर्शित कीं। राजेंद्र चौधरी और विकास जायसवाल रहे।

60 दिन का बोनस देने का दावा बेमानी

कानपुर। भविष्य निधि कर्मचारियों को 60 दिन का बोनस देने के बावजूद इसकी अधिकतम सीमा 13,816 रुपये निर्धारित होने से संगठन में नाराजगी है। एम्प्लाई प्रोविडेंट फंड स्टाफ पेंशनर्स संगठन के अध्यक्ष राजेश कुमार शुक्ला और महामंत्री श्रीकृष्ण कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि निर्धारित सीमा के कारण कर्मचारियों को वास्तविक रूप से करीब 10 दिन के वेतन के बराबर ही बोनस मिल रहा है।

आज पूवी उप्र के स्कूलों में एक साथ वंदे मातरम

कानपुर। हिंदू आध्यात्मिक सेवा मेला प्री फेयर मेला एक्टिविटी के तहत मंगलवार सुबह 11 बजे महाराणा प्रताप इंजीनियरिंग कॉलेज मंधना व सीएसजेएमयू और पूर्वी उप्र के सभी विद्यालयों में एक साथ सामूहिक वंदे मातरम् का आयोजन होगा। कार्यक्रम से विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, राष्ट्रीय एकता, संस्कृति एवं मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को प्रोत्साहित किया जाएगा।

नगर निगम की कार्यकारिणी बैठक कल

कानपुर। नगर निगम कार्यकारिणी की बैठक 28 अक्तूबर को होगी। इसमें कई फैसले हो सकते हैं। नगर निगम सचिव की ओर से जारी एजेंडे में पांच बिन्दुओं को रखा गया है। इसमें नगर निगम निधि से स्वीकृत सभी काम, टेंडर, बजट आवंटन और खर्च को नगर निगम की अधिकारिक वेबसाइट पर अनिवार्य रूप से सार्वजनिक किए जाने पर चर्चा होगी। इससे पहले दो बार बैठक टल चुकी है।

सेन्ट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया
Central Bank of India
"CENTRAL" TO YOU SINCE 1911

क्षेत्रीय कार्यालयः 113/179, स्वरूप नगर, कानपुर-208002

परिशिष्ट-IV-A [नियम 8(6) का परंतुक देखें]

अचल संपत्ति की बिक्री हेतु बिक्री सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8(6) के परन्तुक के साथ पठित वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अधीन अचल आस्तियों के विक्रय हेतु ई-नीलामी विक्रय नोटिस।

सामान्य रूप से आम लोगों को और विशेष रूप से उधारकर्ता(ओं) एवं जमानतकर्ता(ओं) को नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति/संपत्तियां **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** (प्रतिभूत लेनदार) के पास गिरवी/चार्ज की गई हैं, जिसको **सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया** (प्रतिभूत लेनदार) के अधिकृत अधिकारी द्वारा **सांकेतिक कब्ज़ा** ले लिया गया है। जिसे **"जैसा है जहां है", "जैसा है जो है", और "जो कुछ भी है"** के आधार पर सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, प्रतिभूति लेनदार के द्वारा निम्नलिखित उधारकर्ता(ओ) एव ज़मानतकर्ता(ओ) से बकाया की वसूली के लिए निम्नलिखित उधारकर्ताओं की संपत्ति को **दिनाँक 30.11.2026** को **प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे** के बीच बेचा जाएगा। संबंधित संपत्तियों का आरक्षित मूल्य एवं धरोहर राशि (ई.एम.डी.) नीचे दी गई है।

ईएमडी (ऑनलाइन) जमा करने की अंतिम तिथि एवं समय 30.11.2026 प्रातः 11:00 बजे तक

क्र. सं.	ऋणी/गारन्टर/बंधककर्ता का नाम एवं शाखा	बंधक सम्पत्ति का विवरण	डिमांड नोटिस की तिथि एवं देय धनराशि / कब्जा नोटिस की तिथि	रिजर्व प्राइस / ईएमडी / बिड इन्क्रीज अमाउन्ट
1.	ऋणीः (1). श्रीमती अलका शुक्ला पत्नी श्री अशोक कुमार शुक्ला, निवासी-3ए/264, आज़ाद नगर, कानपुर 208002 (2). श्री अशोक कुमार शुक्ला पुत्र श्री उदय नारायण शुक्ला, निवासी-3ए/264, आज़ाद नगर, कानपुर-208002 शाखा- सर्वोदय नगर, मो.- 8303713723 ई-मेलः bmkanp1447@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित मकान सं. 2/53 (पुराना) / 3ए/264 (नया), आज़ाद नगर, कानपुर नगर-208002 **संपत्ति की मालकिन- श्रीमती अलका शुक्ला पत्नी श्री अशोक शुक्ला** **क्षेत्रफल 174.00 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः पूर्वः** 6.60 मीटर चौड़ी सड़क, **पश्चिमः** खाली भूमि, **उत्तरः** 4.00 फीट चौड़ी सड़क एवं उसके बाद मकान सं. 3ए/259, **दक्षिणः** मकान सं. 3ए/265	19.11.2025 रू. 49,51,881.85 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 10.02.2026	रू. 89.78 लाख रू. 8,97,800/- रू. 25,000/-
2.	ऋणीः 1. श्री अवनीश पुत्र श्री राम, निवासी-(i) रामगंज, अकबरपुर, जिला-कानपुर देहात, (ii) सरियापुर, कानपुर देहात, पिन-209101 2. श्रीमती सुनीता देवी पत्नी श्री राम औतार, निवासी-(i) रामगंज, अकबरपुर, जिला-कानपुर देहात, (ii) सरियापुर, कानपुर देहात, पिन-209101 शाखा- अकबरपुर, मो.- 8303713737 ई-मेलः bmkanp4262@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित प्लॉट स्थित वार्ड सं. 11, कस्बा अकबरपुर, जिला-कानपुर देहात **कुल क्षेत्रफल 82.40 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः पूर्वः** सड़क, जिसके आगे श्री के.के. तिवारी का मकान; **पश्चिमः** श्रीमती रमा देवी एवं श्री बालकिशन का मकान; **उत्तरः** श्री नीरज अग्रवाल का मकान; **दक्षिणः** इंटरलॉकिंग (खड़ंजा)	31.10.2023 रू. 5,32,319.00 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 21.01.2024	रू. 16.86 लाख रू. 1,68,600/- रू. 15,000/-
3.	ऋणीः (1). मेसर्स बाबा टाइल्स (इसके प्रोपराइटर श्री आर्यन वर्मा पुत्र श्री सुधीर कुमार वर्मा), पता- 126/35, गड़रियनपुरवा, फजलगंज, कानपुर नगर-208012 (2). श्री आर्यन वर्मा पुत्र श्री सुधीर कुमार वर्मा (मेसर्स बाबा टाइल्स के प्रोपराइटर), पता-117/एम/1091, फ्लैट संख्या 402, तृतीय तल, साई समृद्धि अपार्टमेंट, काकादेव, रावतपुर, कानपुर नगर-208019 जमानतकर्ताः श्री सुधीर कुमार वर्मा पुत्र श्री हरि सिंह, पताः 117/एम/1091, फ्लैट संख्या 402, तृतीय तल, साई समृद्धि अपार्टमेंट, काकादेव, रावतपुर, कानपुर नगर-208019 शाखा-सुभाष बालिका विद्यालय मो0 नं0- 8303713736, ई-मेल आईडीः bmkanp3287@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित तीसरी मंजिल पर फ्लैट संख्या 402, संपत्ति संख्या 117/एम/1091 (भाग) के भाग पर निर्मित, काकादेव, कानपुर नगर, आराजी प्लॉट संख्या 1091 का पश्चिमी भाग, ग्राम रावतपुर, कानपुर-208019 **संपत्ति के मालिकः** श्री सुधीर कुमार वर्मा पुत्र श्री हरि सिंह **क्षेत्रफलः 77.38 वर्ग मीटर (आच्छादित क्षेत्र)** **फ्लैट की चौहद्दीः पूर्वः** फ्लैट संख्या 401, **पश्चिमः** नाली एवं मकान संख्या 117/एम/1091-ए, **उत्तरः** खुला स्थान फिर 200 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** सामान्य स्थान एवं सीढ़ियाँ फिर फ्लैट संख्या 403 **भवन की चौहद्दीः पूर्वः** मकान संख्या 117/एम/1091 का भाग, जिसका स्वामित्व परमजीत कौर एवं श्रीमती प्रतिपाल कौर, **पश्चिमः** मकान संख्या 117/एम/1091-ए, **उत्तरः** 200 फीट चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** मकान संख्या 117/एम/1090	01.05.2025 रू. 1,02,32,906.33 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 15.07.2025	रू. 40.00 लाख रू. 4,00,000/- रू. 20,000/-
4.	ऋणीः श्री दिवाकर गुप्ता पुत्र श्री विनोद कुमार, पताः एलआईजी-34, केडीए कॉलोनी, चंद्रनगरी, सनिगवां रोड, कानपुर नगर, पिन-208021 शाखा- बर्रा, मो.- 8303713735 ई-मेलः bmkanp3681@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित प्लॉट सं. ई-92, ब्लॉक ईडब्ल्यूएस, स्कीम स्वर्ण जयंती विस्तार भाग-2, कानपुर नगर, पिन-208021 **संपत्ति के मालिक- श्री दिवाकर गुप्ता पुत्र श्री विनोद कुमार** **क्षेत्रफलः 30.00 वर्ग मीटर (कवर्ड एरिया)** **चौहद्दीः- पूर्वः** प्लॉट सं. ई-111, **पश्चिमः** 6.00 मीटर चौड़ी सड़क, **उत्तरः** प्लॉट सं. ई-91, **दक्षिणः** प्लॉट सं. ई-93	02.04.2026 रू. 20,09,979.50 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 18.06.2026	रू. 18.60 लाख रू. 1,86,000/- रू. 15,000/-
5.	ऋणीः 1. मेसर्स राजाराम प्लास्टिक्स, प्रोप- श्रीमती रीता पत्नी श्री प्रमोद कुमार गुप्ता, पता- एस-7 एवं एस-8 कॉमर्शियल, पनकी साइट 4, इंडस्ट्रियल एरिया, बायपास रोड, पनकी, कानपुर नगर, उ.प्र.-208020 2. श्रीमती रीता पत्नी श्री प्रमोद कुमार गुप्ता (मेसर्स राजाराम प्लास्टिक के प्रोपराइटर), निवासी-1:- मकान सं. 119/501, दर्शनपुरवा, कानपुर नगर, उ.प्र.-208012, 2:- प्लॉट सं. 7, तात्या टोपे नगर, गुजैनी, फेस-3, यूपी किराना बालिका विद्यालय के पास, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022, 3:- प्लॉट सं. 8, तात्या टोपे नगर, गुजैनी, फेस-3, यूपी किराना बालिका विद्यालय के पास, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022 शाखा- गोविन्द नगर, मो.- 8303713706 ई-मेलः bmkanp0158@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति प्राइवेट प्लॉट सं. 8 स्थित आराजी सं. 1131/5 एवं 1135/3 का भाग, गुजैनी (तात्या टोपे नगर) फेज-3, तहसील एवं जिला कानपुर नगर-208022 **संपत्ति की मालकिनः श्रीमती रीता गुप्ता पत्नी श्री प्रमोद कुमार गुप्ता** **क्षेत्रफलः 73.68 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः पूर्वः** प्लॉट सं. 15, 16 एवं 17, **पश्चिमः** 9.14 मीटर चौड़ी सड़क, **उत्तरः** प्लॉट सं. 9, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 7	22.07.2025 रू. 72,24,122.00 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 08.10.2025	रू. 57.30 लाख रू. 5,73,000/- रू. 25,000/-
6.	ऋणीः (1) मेसर्स राजवंदनम प्राइवेट लिमिटेड, पताः- सी-1/89 जीएनएस सोसाइटी, इंद्रा नगर, कानपुर 208026 (2) श्रीमती वंदना त्रिपाठी (निदेशक), पताः- ब्लॉक-जे फ्लैट सं. 1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम इंद्रा नगर कानपुर 208026 (3) श्री संजीव त्रिपाठी (निदेशक), पताः- फ्लैट सं. 405 मोनार्क बिल्डिंग ऑर्बिटल एम्पायर जटियाला अकातमता नगर, नागपुर अर्बन 440036 जमानतकर्ताः श्री रवि त्रिपाठी, पताः ब्लॉक-जे फ्लैट सं.-1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम, इंद्रा नगर कानपुर 208026 शाखा- पाण्डु नगर, मो.- 8303713726 ई-मेलः bmkanp1432@centralbank.bank.in	गैर-कृषि प्लॉट सं. 25 के सभी भाग व खण्ड स्थित अराजी सं. 966, ग्राम फतेहपुर, रोशनी परगना, तहसील अकबरपुर एवं जिला कानपुर देहात **कुल क्षेत्रफलः 1000.44 वर्ग मीटर** **संपत्ति की मालकिन- श्रीमती वंदना त्रिपाठी** **चौहद्दीः (डीड एवं साइट के अनुसार) पूर्वः** 40 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिमः** अराजी दीगर (अन्य अराजी), **उत्तरः** प्लॉट सं. 26, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 24	11.11.2025 रू. 4,61,85,660.64 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 29.01.2026	रू. 166.56 लाख रू. 16,65,600/- रू. 50,000/-
7.	ऋणीः (1) मेसर्स राजवंदनम प्राइवेट लिमिटेड, पताः- सी-1/89 जीएनएस सोसाइटी, इंद्रा नगर, कानपुर 208026 (2) श्रीमती वंदना त्रिपाठी (निदेशक), पताः- ब्लॉक-जे फ्लैट सं. 1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम इंद्रा नगर कानपुर 208026 (3) श्री संजीव त्रिपाठी (निदेशक), पताः- फ्लैट सं. 405 मोनार्क बिल्डिंग ऑर्बिटल एम्पायर जटियाला अकातमता नगर, नागपुर अर्बन 440036 जमानतकर्ताः श्री रवि त्रिपाठी, पताः ब्लॉक-जे फ्लैट सं.-1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम, इंद्रा नगर कानपुर 208026 शाखा- पाण्डु नगर, मो.- 8303713726 ई-मेलः bmkanp1432@centralbank.bank.in	गैर-कृषि प्लॉट सं. 15 के सभी भाग व खण्ड स्थित अराजी सं. 966, ग्राम फतेहपुर, रोशनी परगना, तहसील अकबरपुर एवं जिला कानपुर देहात **कुल क्षेत्रफलः 250.11 वर्ग मीटर** **संपत्ति की मालकिन- श्रीमती वंदना त्रिपाठी** **चौहद्दीः (डीड एवं साइट के अनुसार) पूर्वः** 40 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिमः** प्लॉट सं. 16, **उत्तरः** प्लॉट सं. 19, **दक्षिणः** 40 फीट चौड़ी सड़क	11.11.2025 रू. 4,61,85,660.64 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 29.01.2026	रू. 41.64 लाख रू. 4,16,400/- रू. 20,000/-
8.	ऋणीः (1) मेसर्स राजवंदनम प्राइवेट लिमिटेड, पताः- सी-1/89 जीएनएस सोसाइटी, इंद्रा नगर, कानपुर 208026 (2) श्रीमती वंदना त्रिपाठी (निदेशक), पताः- ब्लॉक-जे फ्लैट सं. 1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम इंद्रा नगर कानपुर 208026 (3) श्री संजीव त्रिपाठी (निदेशक), पताः- फ्लैट सं. 405 मोनार्क बिल्डिंग ऑर्बिटल एम्पायर जटियाला अकातमता नगर, नागपुर अर्बन 440036 जमानतकर्ताः श्री रवि त्रिपाठी, पताः ब्लॉक-जे फ्लैट सं.-1203, रतन ऑर्बिट अपार्टमेंट, पत्रकार पुरम, इंद्रा नगर कानपुर 208026 शाखा- पाण्डु नगर, मो.- 8303713726 ई-मेलः bmkanp1432@centralbank.bank.in	गैर-कृषि प्लॉट सं. 26 के सभी भाग व खण्ड स्थित अराजी सं. 966, ग्राम फतेहपुर, रोशनी परगना, तहसील अकबरपुर एवं जिला कानपुर देहात **कुल क्षेत्रफलः 1000.75 वर्ग मीटर** **संपत्ति की मालकिन- श्रीमती वंदना त्रिपाठी** **चौहद्दीः (डीड एवं साइट के अनुसार) पूर्वः** 40 फीट चौड़ी सड़क, **पश्चिमः** अराजी दीगर (अन्य अराजी), **उत्तरः** अराजी दीगर, **दक्षिणः** प्लॉट सं. 25	11.11.2025 रू. 4,61,85,660.64 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 29.01.2026	रू. 166.63 लाख रू. 16,63,000/- रू. 50,000/-
9.	ऋणीः 1. सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी (इसके पार्टनर्सः 1. श्री राम सिंह चौहान, 2. श्रीमती रचना लाल, 3. श्री श्रीचय मोसेस लाल, 4. श्रीमती स्नेहा मोसेस लाल), पताः अराजी सं. 324 (एम) का भाग, ग्राम बेहटा सकत, परगना एवं तहसील-नरवल, कानपुर नगर, उ.प्र.-209401 जमानतकर्ताः 1. श्री राम सिंह चौहान (सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के पार्टनर), निवासी-25 ई 8, दबौली 1, कानपुर, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022 2. श्रीमती रचना लाल (सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के पार्टनर), निवासी 25 ई 8, दबौली 1, कानपुर, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022 3. श्री श्रीचय मोसेस लाल (सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के पार्टनर), निवासी 25 ई 8, दबौली 1, कानपुर, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022 4. श्री स्नेहा मोसेस लाल (सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी के पार्टनर), निवासी 25 ई 8, दबौली 1, कानपुर, कानपुर नगर, उ.प्र.-208022 शाखा- दबौली, मो0- 8303713937 ई-मेलः bmkanp3718@centralbank.bank.in	1. संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर भूमि व भवन स्थित खाता सं. 00119, आराज़ी सं. 324, ग्राम- बेहटा सकत, तहसील एवं ज़िला- कानपुर नगर, उ.प्र. 209401 **क्षेत्रफल 0.2150 हेक्टेयर एवं चौहद्दीः पूर्वः** आराज़ी सं. 325, **पश्चिमः** आराज़ी सं. 139 एवं 127, **उत्तरः** 60 फ़ीट चौड़ी सड़क, **दक्षिणः** आराज़ी दीगर 2. संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर भूमि व भवन स्थित खाता सं. 112, आराज़ी सं. 324 मि., ग्राम- बेहटा सकत, तहसील एवं ज़िला- कानपुर नगर, उ.प्र. 209401 **क्षेत्रफल 0.8190 हेक्टेयर एवं चौहद्दीः पूर्वः** कृषि भूमि सं. 325, **पश्चिमः** कृषि भूमि सं. 139 एवं 138, **उत्तरः** कृषि भूमि सं. 279, **दक्षिणः** कृषि भूमि सं. 138 एवं सीमा ग्राम सेमरुवा **ऊपर बताई गई दोनों संपत्ति के मालिकः** मेसर्स जीसस क्राइस्ट महा विद्यालय द्वारा सोसाइटी- सेंट जूड सोशल एंड वेलफेयर सोसाइटी, सचिव- श्री श्रीचय मोसेस लाल पुत्र श्री संजय लाल	22.01.2026 रू. 1,71,47,710.27 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 13.04.2026	रू. 256.00 लाख रू. 25,60,000/- रू. 50,000/-
10.	ऋणीः श्री शोभित गुप्ता पुत्र श्री श्रीकांत गुप्ता, निवासी- मकान सं. 793/29, नारायणपुरी, पाल चौराहा के पास, नौबस्ता, कानपुर नगर, पिन-208021 शाखा- किदवई नगर, मो.- 8303714280 ई-मेलः bmkanp0159@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित मकान सं. 4 का भाग, ग्राम- दलनपुर, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर नगर, पिन-208021 **संपत्ति के मालिकः श्री शोभित गुप्ता पुत्र श्री श्रीकांत गुप्ता** **क्षेत्रफलः 63.54 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः- पूर्वः** 3.04 मीटर सड़क, **पश्चिमः** ज्ञान सागर राजपूत का मकान, **उत्तरः** मकान सं. 4 का भाग, **दक्षिणः** मकान सं. 4 का भाग	22.04.2026 रू. 23,25,424.80 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 30.06.2026	रू. 24.83 लाख रू. 2,48,300/- रू. 15,000/-
11.	ऋणीः श्री शोभित गुप्ता पुत्र श्री श्रीकांत गुप्ता, निवासी- मकान सं. 793/29, नारायणपुरी, पाल चौराहा के पास, नौबस्ता, कानपुर नगर, पिन-208021 शाखा- किदवई नगर, मो.- 8303714280 ई-मेलः bmkanp0159@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित मकान सं. 4 का भाग, ग्राम- दलनपुर, हंसपुरम, नौबस्ता, कानपुर नगर, पिन-208021 **संपत्ति के मालिकः श्री शोभित गुप्ता पुत्र श्री श्रीकांत गुप्ता** **क्षेत्रफलः 52.95 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः- पूर्वः** 3.04 मीटर सड़क, **पश्चिमः** ज्ञान सागर राजपूत का मकान, **उत्तरः** प्रदीप राजपूत का मकान, **दक्षिणः** मकान सं. 4 का भाग	22.04.2026 रू. 23,25,424.80 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 30.06.2026	रू. 14.69 लाख रू. 1,46,900/- रू. 15,000/-
12.	ऋणीः (1)- मेसर्स अमीना लेदर वर्क्स, प्रोपराइटर श्रीमती अमीना खातून, निवासी 206, जी-1, शेखपुर, जाजमऊ, कानपुर नगर, पिन-208010 (2) श्रीमती अमीना खातून (मेसर्स अमीना लेदर वर्क्स की प्रोपराइटर), निवासी 206, जी-1, शेखपुर, जाजमऊ, कानपुर नगर, पिन-208010 शाखा- डिफेंस कॉलोनी, मो.- 8303714265 ई-मेलः bmkanp0888@centralbank.bank.in	संपत्ति के सभी भाग व खण्ड को मिलाकर संपत्ति स्थित अराजी संख्या 206-ग का भाग, ग्राम- शेखपुर, परगना एवं जिला- कानपुर नगर **संपत्ति की मालकिन- श्रीमती अमीना खातून पत्नी श्री नफीस अहमद** **क्षेत्रफल- 117.05 वर्ग मीटर** **चौहद्दीः पूर्वः** गजाला परवीन के नाम पर अराजी का भाग (वर्तमान में श्री दानिश भाई के नाम), **पश्चिमः** अराजी दीगर (वर्तमान में श्री राम बाबू के नाम), **उत्तरः** शबनम आफताब की के नाम अराजी का भाग (वर्तमान में श्री नसीब अहमद के नाम), **दक्षिणः** 30.00 फीट चौड़ी सड़क	05.11.2022 रू. 28,56,309.74 + ब्याज + अन्य खर्चे (यदि कोई वसूली हो तो उसे घटाकर) सांकेतिक कब्जा की तिथि 18.02.2023	रू. 18.46 लाख रू. 1,84,600/- रू. 15,000/-

ई-नीलामी की तिथिः 30.11.2026 प्रातः 11:00 बजे से शाम 4:00 बजे के बीच 10 मिनट के ऑटो एक्सटेंशन के साथ।

इच्छुक बोलीदाताओं को वेबसाइट https://www.ebkray.in पर पंजीकरण करना होगा और क्रेता पंजीकरण प्रक्रिया पूरी करनी होगी। ईएमडी राशि एनईएफटी/आरटीजीएस/ट्रांसफर (https://www.ebkray.in से चालान उत्पन्न होने के बाद) के माध्यम से ग्लोबल ईएमडी वॉलेट में जमा की जाएगी। नीलामी सामान्य लैंडिंग प्लेटफॉर्म EBkray पोर्टल के माध्यम से आयोजित की जाएगी, ई-नीलामी "जैसा है जहां है", "जैसा है जो है" और "जो कुछ भी है" के आधार पर आयोजित किया जाएगा। सफल बोलीदाता को बोली राशि का 25% (कम ईएमडी राशि) को एनईएफटी/आरटीजीएस के माध्यम से खाता संख्या 3007652890, आईएफएससी-CBIN0281432 में प्राधिकृत अधिकारी के खाते के नाम पर उसी दिन या अगले कार्य दिवस से पहले जमा करना होगा। शेष 75% राशि का भुगतान बिक्री की पुष्टि के 15वें दिन या उससे पहले किया जाएगा। कृपया ध्यान दें कि निर्धारित अवधि के भीतर भुगतान में चूक होने पर बिक्री रद्द कर दी जाएगी तथा सफल बोलीदाता द्वारा जमा की गई कोई भी राशि जब्त कर ली जाएगी। संपत्ति पर कोई भार नहीं है, तथापि बोलीदाता इस संबंध में स्वतंत्र जांच कर सकते हैं। किसी भी परिस्थिति में (किसी प्रतिभूत संपत्ति के लिए एकमात्र बोली लगाने वाले के मामले सहित) प्रतिभूत संपत्ति आरक्षित मूल्य या उससे कम पर नहीं बेची जाएगी। न्यूनतम एक बोली वृद्धि राशि अनिवार्य है। (प्रक्रिया- खरीदार/बोलीदाता को अपनी लॉगिन आईडी और पासवर्ड का उपयोग करके अपने eBKray पोर्टल में लॉगिन करना होगा)।

उपरोक्त संपत्ति पर ऋणभार का विवरण, जैसा कि बैंक को ज्ञात है- ज्ञात नहीं है

बिक्री के विस्तृत नियमों एवं शर्तों के लिए, कृपया सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया की वेबसाइट (प्रतिभूत लेनदार के रूप में) यानी https://www.centralbankofindia.bank.in., या नीलामी प्लेटफॉर्म यानी https://www.ebkray.in देखें। हेल्पलाइन नंबर +91 8291220220, किसी अन्य जानकारी के लिए, कृपया प्राधिकृत अधिकारी, मो0- 8303713702 से सम्पर्क करें।

सभी ऋणी/जमानतकर्ताओं को सूचित किया जाता है कि उपरलिखित समस्त देय, ब्याज एवं खर्चो सहित ई-नीलामी तिथि से पूर्व अदा कर दें अन्यथा उनकी सम्पत्तियां नीलाम कर दी जायेगी तथा यदि कोई देय शेष रह जाते हैं तो उनकी वसूली हेतु उचित कानूनी कार्यवाही की जायेगी।

दिनांकः 26.10.2026 **स्थानः कानपुर** **प्राधिकृत अधिकारी, सेन्ट्रल बैंक ऑफ इण्डिया**

प्रताड़ितों को निशुल्क विधिक सलाह देने का किया ऐलान

कानपुर। बार व लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष रामकृष्ण अवस्थी बापू की द्वितीय पुण्यतिथि पर आयोजित विचार गोष्ठी एवं श्रद्धांजलि कार्यक्रम सोमवार को आयोजित किया गया। बापू के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। वक्ताओं ने कहा कि अधिवक्ता समाज की वास्तविक शक्ति उसकी एकता, पेशेवर गरिमा और अपने सदस्यों के प्रति जिम्मेदारी में निहित है। बापू की स्मृतियों को जीवित रखने के लिए उनके विचारों, संघर्षों और योगदान को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाना जरूरी है। कार्यक्रम में पुलिस, माफिया या उद्योगपतियों से प्रताड़ित लोगों को निशुल्क विधिक सलाह देने की घोषणा भी की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता बार व लॉयर्स एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार वाजपेई और संचालन प्राणनाथ मिश्रा व सतीश दीक्षित ने किया। गोष्ठी में विधायक हसन रूमी, पूर्व विधायक सतीश निगम, गणेश दीक्षित, इंदीवर वाजपेई, सुरेश सिंह चौहान, बलजीत सिंह यादव, नरेश चंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

महिला को बैडटच कर की हाथापाई

कानपुर। बाबूपुरवा थाने में एक महिला ने दुकानदार पर छेड़खानी व बैडटच का आरोप लगाते हुए रिपोर्ट दर्ज कराई है। विरोध पर आरोपित ने हाथापाई भी की। बाबूपुरवा कॉलोनी में रहने वाली महिला के मुताबिक, शनिवार देर रात वह घर के बाहर बची हुई सब्जी फेंककर दरवाजा बंद कर रही थी। तभी इलाकाई दुकानदार विनीत गुप्ता दरवाजे पर धक्का देकर जबरन घर में घुस आया। आरोप है कि उसने छेड़छाड़ कर बैडटच किया। विरोध करने पर गाली-गलौज व हाथापाई की। शोर-शराबा सुनकर इलाकाई लोगों के आने पर आरोपित धमकी देकर भाग निकला। थाना प्रभारी नीरज ओझा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।

सचेंडी में मुकदमे में समझौते से मना करने पर धमकी

सचेंडी। पुराने मुकदमे में समझौता करने से इनकार पर आरोपितों ने राशन विक्रेता से गाली-गलौज की और जान से मारने की धमकी दी। मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। मामले की जांच क रही है।

पकरी गांव निवासी रामदेव सिंह के मुताबिक, गांव के बाहर उनकी सरकारी राशन की दुकान है। बीते सितंबर में शिवा सिंह, रामजी और उनके साथियों ने परिवार के लोगों के साथ मारपीट की थी। मामले में आरोपितों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया था। बीते शनिवार दुकान बंद कर घर लौटते समय शिवा सिंह और रामजी ने रास्ते में रोक लिया। दोनों ने मुकदमा वापस लेने का दबाव बनाया। विरोध करने पर गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी। थाना प्रभारी दीनानाथ मिश्रा ने बताया कि रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच की जा रही है।